**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**

**अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)**

**सत्र: 2026-27**

**विषय: सामाजिक विज्ञान**

**कक्षा: 8**

**निर्धारित अवधि: 2 घंटे 30 मिनट** **अधिकतम अंक: 60**

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नपत्र छः खंडों – क, ख, ग, घ, ङ एवं च – में विभाजित है।
3. खंड क में प्रश्न संख्या 1 के सभी उपप्रश्न बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। सही विकल्प का चयन कीजिए।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक उत्तर कम से कम 20 शब्दों में लिखिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 6 एवं 7 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 40–60 शब्दों में लिखिए।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 8 एवं 9 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।
7. खंड ङ में प्रश्न संख्या 10 से 13 तक स्रोत/केस-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। दिए गए स्रोत/गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
8. खंड च में प्रश्न संख्या 14 मानचित्र-आधारित प्रश्न है तथा 5 अंक का है। दिए गए स्थानों को मानचित्र पर उचित प्रतीकों/चिह्नों द्वारा दर्शाइए।
9. प्रश्नपत्र में समग्र (Overall) विकल्प नहीं दिया गया है, तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
10. दृष्टिबाधित (Visually Impaired) विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर पृथक प्रश्न दिया गया है। यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किया जाएगा।
11. उत्तर लिखते समय स्वच्छता एवं स्पष्टता का विशेष ध्यान रखिए।

## खंड क

## बहुविकल्पीय प्रश्न (20x1=20)

1.(i) निम्नलिखित में से कौन सा एक कोयला उत्पादक क्षेत्र है? (1)

(A) रत्नागिरी

(B) गोवा

(C) चिकमंगलुरु

(D) नवेली

(ii) निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करके सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

1. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना
2. तैमूर का दिल्ली पर आक्रमण
3. पानीपत की पहली लड़ाई
4. हल्दीघाटी का युद्ध

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 2, 4, 1

(iii) छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म कब हुआ? (1)

(A) 1615

(B) 1620

(C) 1630

(D) 1650

(iv) मई 1498 में पुर्तगाली यात्री वास्को डि गामा वर्तमान भारत के किस राज्य में आया? (1)

(A) आंध्र प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) केरल

(D) तमिलनाडु

(v) वर्तमान में भारत में लोकसभा के सदस्यों की संख्या कितनी है? (1)

(A) 540

(B) 541

(C) 543

(D) 570

(vi) राज्यसभा का सभापति कौन होता है? (1)

(A) राष्ट्रपति

(B) उपराष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री

(D) गृहमंत्री

(1)

(vii) जे. आर. डी. टाटा को भारत रत्न कब प्रदान किया गया?

(A) 1987

(B) 1990

(C) 1992

(D) 1994

(viii) नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं। कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।(1)

**अभिकथन (A):** प्रकृति राजनीतिक सीमाओं का ध्यान नहीं रखती हैं।

**कारण (R):** कावेरी नदी उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों को जल प्रदान करती हैं।

(A) A सही है, R गलत है

(B) A गलत है, R सही है

(C) A और R दोनों सही हैं, R A की सही व्याख्या है

(D) A और R दोनों सही हैं, R A की सही व्याख्या नहीं है

(ix) कथन I व कथन II को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

**कथन I:** 16वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य कृष्णदेव राय के आधिपत्य में अपने उत्कर्ष पर पहुंचा।

**कथन II:** बाबर की मृत्यु 1530 में हुई।

(A) केवल I सही है

(B) केवल II सही है

(C) दोनों सही हैं

(D) दोनों गलत हैं

(x) उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (1)

मराठा साम्राज्य में वित्त संबंधित विभाग ............ द्वारा नियंत्रित था।

(A) मुख्य न्यायाधीश

(B) सेनापति

(C) अमात्य

(D) सचिव

(xi) सही मिलान की पहचान कीजिए। (1)

(A) प्लासी का युद्ध - 1744

(B) प्लासी का युद्ध - 1755

(C) प्लासी का युद्ध - 1757

(D) प्लासी का युद्ध - 1767

(xii) राज्यसभा में राष्ट्रपति कितने सदस्यों को नामित करता है? (1)

(A) 10

(B) 12

(C) 14

(D) 16

(xiii) फ्रांसीसियों ने भारत में अपनी पहली कंपनी की स्थापना कहाँ की? (1)

(A) मुंबई

(B) दिल्ली

(C) सूरत

(D) मद्रास

(xiv) 1192 में किसकी हार के बाद दिल्ली सल्तनत की स्थापना हुई? (1)

(A) पृथ्वीराज चौहान

(B) अनंगपाल चौहान

(C) मोहम्मद गौरी

(D) मोहम्मद गजनी

(xv) कोल विद्रोह कब हुआ? (1)

(A) 1631-32

(B) 1731-32

(C) 1831-32

(D) 1931-32

## खंड ख

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (4x2=8)

2.(A) उत्पादन के कारक के रूप में भूमि की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2)

**अथवा**

2.(B) उत्पादन के कारक के रूप में शिक्षा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2)

3. समवर्ती सूची के किन्हीं दो विषयों को सूचीबद्ध कीजिए। (2)

4. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव की किन्हीं दो विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। (2)

5.(A) उपनिवेशवाद को परिभाषित कीजिए। (2)

**अथवा**

5.(B) यूरोपीयनों के आगमन से पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कीजिए। (2)

## खंड ग

### लघु उत्तरीय प्रश्न (2x3=6)

6.(A) विजयनगर साम्राज्य की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। (3)

**अथवा**

6.(B) अहोम साम्राज्य की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। (3)

7.(A) मराठा साम्राज्य की सैन्य प्रशासन की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। (3)

**अथवा**

7.(B) मराठा साम्राज्य की न्यायिक व्यवस्था की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। (3)

## खंड घ

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x5=10)

8.(A) ऊर्जा के नवीकरण योग्य स्रोतों और अनवीकरण योग्य स्रोतों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

8.(B) ऊर्जा संरक्षण के किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए। (5)

9. संसद के कार्यों की व्याख्या कीजिए। (5)

## खंड ङ

### केस आधारित प्रश्न (4x4=16)

**10. नीचे दिए गएअनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

प्राकृतिक संसाधन हमारी पृथ्वी पर या देशों के भीतर भी समान रूप से नहीं फैले हैं। यह असमान वितरण मानव बस्तियों, व्यापार के तरीकों, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और यहां तक कि संघर्षों को भी आकार देता है। प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण पाने के लिए कई युद्ध लड़े गए हैं और अभी भी लड़े जा रहे हैं।

**प्रश्न:**

(10.1) प्राकृतिक संसाधन क्या हैं? (1)

(10.2) उपयुक्त उदाहरण के साथ संसाधनों के असमान वितरण को समझाइए। (1)

(10.3) संसाधनों के असमान वितरण के क्या परिणाम होते हैं? (2)

**11. नीचे दिए गएअनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

विदेशी यात्री व्यापार के लिए विजयनगर आते थे। खासकर पुर्तगाली यात्रियों का बहुत अच्छा स्वागत-सत्कार किया जाता था, क्योंकि वे घोड़े बेचने आते थे और राजा नहीं चाहता था कि वे उन कीमती घोड़ों को दुश्मन राज्यों को बेच दें! उनमें से एक, डोमिंगो पेस ने विजयनगर की राजधानी में अपने प्रवास का एक लंबा और विस्तृत विवरण छोड़ा है। उसका एक अंश: "यह शहर... मुझे रोम जितना बड़ा और देखने में बहुत सुंदर लगा; इसके अंदर, घरों के बगीचों में पेड़ों के कई झुरमुट हैं, और पानी की कई नहरें हैं जो इसके बीच से होकर बहती हैं, और कहीं-कहीं झीलें भी हैं... इस शहर में लोगों की संख्या अनगिनत है... यह दुनिया का सबसे अच्छी सुविधाओं वाला शहर है... सड़कें और बाज़ार लदे हुए बैलों से भरे हुए हैं... आपको अपनी ज़रूरत की हर चीज़ बहुत बड़ी मात्रा में मिल सकती थी।"

**प्रश्न:**

(11.1) विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने की? (1)

(11.2) किसके शासनकाल में डोमिंगो पेस ने विजयनगर की यात्रा की? (1)

(11.3) डोमिंगो पेस के वर्णन के अनुसार विजयनगर साम्राज्य की राजधानी कैसी थी? (2)

**12. नीचे दिए गएअनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

दुनिया के कई देशों से पहले, भारत उन शुरुआती देशों में से एक था जिन्होंने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। उदाहरण के लिए, स्विट्ज़रलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार 1971 में मिला। इस बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार को पाने के लिए कई देशों में महिलाओं ने लंबा और कड़ा संघर्ष किया। वहीं दूसरी ओर, भारत में एक प्रगतिशील संवैधानिक सोच और देश की प्राचीन परंपराओं में गहराई से बसे लोकतांत्रिक मूल्यों ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को शुरुआत से ही वोट देने का अधिकार मिले।

**प्रश्न:**

(12.1) स्विट्ज़रलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार कब मिला? (1)

(12.2) भारत में महिलाओं को वोट देने का अधिकार कब मिला? (1)

(12.3) भारत में महिलाओं को वोट देने का अधिकार शुरूआती समय से ही मिलने के क्या कारण थे? (2)

**13. नीचे दिए गएअनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

कड़ी मेहनत, निरंतर सुधार और चीजों को अच्छी तरह से करने के प्रयास की संस्कृति ने देशों को आगे बढ़ने में मदद की है। काइज़ेन नामक एक जापानी अवधारणा है, जिसका अर्थ है 'निरंतर सुधार'। यह अवधारणा 1940 के दशक के मध्य से जापान में लागू की गई है और इससे जापान को अपने लोगों के लिए उच्च जीवन स्तर हासिल करने में मदद मिली है। एक अन्य उदाहरण जर्मन कार्य नीति का हो सकता है, जो उनके इतिहास में गहराई से निहित है। जर्मनी अपने उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। वे समय की पाबंदी, विस्तार और गुणवत्ता पर ध्यान को उच्च महत्व देते हैं। उनकी मानव पूंजी के इन गुणों ने प्रौद्योगिकी और विनिर्माण में वैश्विक नेता के रूप में उनके उदय में योगदान दिया।

**प्रश्न:**

(13.1) काइज़ेन का क्या अर्थ है? (1)

(13.2) किसी एक कार्य मूल्य का उल्लेख करें जो जर्मन कार्य नीति की विशेषता बताता हो। (1)

(13.3) जापान और जर्मनी की कार्य संस्कृतियों ने उनकी आर्थिक प्रगति में कैसे योगदान दिया है? उदाहरण सहित समझाइये। (2)

## खंड च

## मानचित्र आधारित प्रश्न (1x5=5)

**14.भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच स्थानों को दर्शाएं एवं उनके नाम लिखें- (5x1=5)**

(I) हम्पी

(II) ग्वालियर

(III) अंकलेश्वर तेल क्षेत्र


(IV) झरिया कोयला क्षेत्र

(V) बैलाडीला लौह अयस्क खदान

(VI) कटनी बॉक्साइट खदान

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर दिया गया है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

| | | |
|---|---|---|
| (I) | हम्पी भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |
| (II) | ग्वालियर भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |
| (III) | अंकलेश्वर तेल क्षेत्र भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |
| (IV) | झरिया कोयला क्षेत्र भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |
| (V) | बैलाडीला लौह अयस्क खदान भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |
| (VI) | कटनी बॉक्साइट खदान भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? | 1 |



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
20°
16°
12°
8°
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)